हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 नए राइजिंग पाइप से सुधरेगी जल व्यवस्था शहर की एक ...



14 दूषित पानी की सप्लाई पर डाकबंगला वार्डवासियों ...





# नगर के हटकेशर वार्ड के भरकापारा में आंगा देव की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बुधवार को आदिवासियों के आराध्य आंगादेव का जीवंत नजारा हटकेशर वार्ड में दिखा। आंगादेव के दर्शन के लिए पूरे वार्डवासी उमड़ पड़े। शीतला मंदिर से भरकापारा ले जाते समय रास्ते भर लोग अपने-अपने घरों के सामने आंगादेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लेने उमड़ते रहे। गंतव्य तक पहुंचाने डांग डोली लेकर सिरहा बैगा आंगादेव की अगुवाई करते रहे।

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों का आराध्य आंगादेव कोई मूर्ति नहीं बल्कि एक पूजनीय चलायमान डोली को माना जाता है।

### चलायमान देव हैं आंगा

शीतला माता के पुजारी चंदू मंडावी, जसवंत ध्रुव ने बताया कि यह एक स्थिर मूर्ति नहीं है। जब भी गांव में कोई जात्रा, मड़ई या शुभ कार्य होता हैं तो पुरूष इसे उठाकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं। घर में आंगादेव की पूजा हर मंगलवार और शनिवार को की जाती है। परिवार का मुखिया (पुजारी) अगरबत्ती, स्थानीय फल, फूल और महुआ का भोग लगाकर अपने परिवार और फसल की रक्षा की प्रार्थना करते हैं। आंगा सागौन की लकड़ी के दो गोल लट्ठों से बनाई जाती है। मध्य में एक अन्य लकड़ी लगाई जाती है जिसका अगला सिरा नागफन जैसा बनाया जाता है जिसे कोको कहा जाता है। कोको में चांदी का नागफन लगाया जाता है।

### आंगादेव के दर्शन के लिए वार्ड में श्रद्धालुओं का लगा तांता



### समस्या का करते हैं समाधान

हटकेशर निवासी सिरहा बैगा लखन साहू ने बताया कि आंगादेव का मुख्य कार्य समुदाय या परिवार की समस्याओं का समाधान करना होता है। ग्रामवासी उनसे बीमारी, चोरी या बुरी नजर से बचाव के लिए सवाल पूछते हैं। मान्यता के अनुसार देवता नृत्य के माध्यम से या पुजारी के जरिये समाधान करते हैं। लखन साहू ने बताया कि हटकेशर में आंगादेव की स्थापना से उत्साह है। शीतला माता मंदिर से पारंपरिक संगीत वाद्य यंत्रों से डांग डोली की अगुवाई में सिरहा बैगा नाचते झूमते भरकापारा स्थापना स्थल ले गए। रास्ते भर लोगों ने पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। आंगादेव के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में वार्डवासी उमड़े।

हटकेशर वार्ड के भरकापारा में स्थित अपने निवास में आंगादेव की स्थापना करने वाले पुजारी रोहन मंडावी, सिरहा आशीष मंडावी बताते हैं कि उसने बस्तर के नवगढ़ के रणपाट आंगादेव की स्थापना की है। वे आंगा देव को किसी शुभ कार्य या विपत्ति के समय भक्त के घर देव की आज्ञा से ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि आंगादेव को घर में स्थापित करने की एक बेहद प्राचीन और अनोखी परंपरा है। इसे सागौन लकड़ी से डोली पालकी के रूप में बनाते हैं। इसे कौड़ी, मोर पंख और लाल कपड़ों से सजाया जाता है। इसे परिवार या गोत्र के लोग अपने घर या गांव की देवगुड़ी में एक विशेष स्थान में स्थापित करते हैं।

## पिछले दस वर्षों में जिले को 83,402 आवास का लक्ष्य मिला, 82 हजार से अधिक आवास बने

# पीएम आवास योजना की राज्यस्तरीय समग्र रैंकिंग में धमतरी जिला पूरे प्रदेश में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के क्रियान्वयन में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए धमतरी ने राज्यस्तरीय समग्र रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। 7 मई को जारी हुई प्रदेश स्तरीय रिपोर्ट में धमतरी जिले को 92.4 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के साथ छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला जिला घोषित किया गया। यह रैंकिंग वर्ष 2016 से 2026 तक की अवधि में आवास निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता के आधार पर तैयार की गई है।

पिछले दस वर्षों में धमतरी जिले को कुल 83,402 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इसके मुकाबले जिले ने 92.4 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करते हुए 82 हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूरा कर लिया है। यह उपलब्धि केवल संख्या के आधार पर नहीं, बल्कि समयबद्धता, गुणवत्ता और लाभार्थियों तक समय पर सहायता पहुंचाने के आधार पर भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### मनरेगा दिवस का प्रभावी उपयोग

जिले में अब तक 97.9 प्रतिशत आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि 95.4 प्रतिशत लाभार्थियों को दूसरी किस्त का भुगतान भी किया जा चुका है। इसके अलावा 82.3 प्रतिशत आवास निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं और 93.9 प्रतिशत मनरेगा दिवस का प्रभावी उपयोग किया गया है, जिससे ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन भी सुनिश्चित हुआ है।



### नई अवधि में भी तेज प्रगति

वर्ष 2024 से 2026 की अवधि में जिले को 42,318 आवासों का नया लक्ष्य दिया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 41,303 आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं। इनमें से 40,640 हितग्राहियों को पहली किस्त जारी कर दी गई है। वर्तमान में 38,990 आवास निर्माणाधीन हैं, जबकि 37,247 लाभार्थियों को दूसरी किस्त भी मिल चुकी है। अब तक 29,035 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 68.6 प्रतिशत है।

### व्यवस्था और निगरानी ने बढ़ाई रफ्तार

जिले में आवास निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने के लिए 231 आवास मित्रों की नियुक्ति की गई है, जो लगातार निर्माण कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। इनकी सक्रिय भूमिका के कारण औसतन 150 दिनों के भीतर एक आवास पूर्ण होने लगा है, जो पहले की तुलना में बड़ी सुधारात्मक उपलब्धि है। 310 स्व सहायता समूहों के 1464 सदस्य सेंट्रिंग प्लेट निर्माण और आपूर्ति कार्य से जुड़े हुए हैं। इस व्यवस्था के लिए बैंक ऋण के माध्यम से 3.19 करोड़ रुपये की सहायता उपलब्ध कराई गई, जिससे समूहों को आर्थिक मजबूती मिली है। इससे जुड़े सदस्यों को औसतन 11 हजार रुपये मासिक आय भी प्राप्त हो रही है।

### ग्रामीण विकास को नई दिशा

प्रधानमंत्री आवास योजना केवल भवन निर्माण की योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण परिवारों को सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। प्रशासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराया जाए। लगातार बेहतर प्रदर्शन और मजबूत निगरानी व्यवस्था के चलते धमतरी ने एक बार फिर यह साबित किया है कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण विकास को नई दिशा दी जा सकती है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026

## नगर निगम का सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 को लेकर शहर के सभी 40 वार्डों में विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है। आयुक्त के निर्देश पर 20 मई से अभियान की शुरुआत की गई, जिसका सकारात्मक असर अब वार्डों में दिखाई देने लगा है। शहर को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक वार्ड में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर जिम्मेदारियां तय की गई हैं।

सुबह से ही वार्डों में नालियों की सफाई, कचरा उठाव और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। निगम कर्मचारियों के साथ स्वच्छता दीदियां भी घर-घर पहुंचकर लोगों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था के प्रति जागरूक कर रही हैं।

अभियान के तहत डेयरी संचालकों को नालियों में गोबर नहीं बहाने की सख्त हिदायत दी गई है। वहीं दुकानदारों को दुकान खोलते और बंद करते समय बाहर कचरा नहीं फैलाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। निगम की टीम लगातार वार्डों का निरीक्षण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बना रही है। अभियान में निगम के कर्मचारी मो. शेरखान सहित अन्य सफाई कर्मियों की सक्रिय भूमिका है।

## खबर संक्षेप

### लकेश्वर बने ग्रामीण जिला अध्यक्ष



**धमतरी।** पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कांग्रेस के ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर लकेश्वर साहू को नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। पार्टी नेताओं का मानना है कि उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से पिछड़ा वर्ग की समस्याओं को मजबूती से उठाया जा सकेगा तथा उनका समाधान कराने में मदद मिलेगी। नियुक्ति के बाद लकेश्वर ने कहा कि वे पिछड़ा वर्ग की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उन्हें प्रशासन के समक्ष रखने का कार्य करेंगे। वे संगठन और प्रशासन के बीच समन्वय बनाकर सभी मुद्दों का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

### दावा-आपत्ति 30 मई तक मंगाई गई

**धमतरी।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन कर मॉडल उत्तर जारी कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी मॉडल उत्तर का अवलोकन विभागीय वेबसाईट पर कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जारी मॉडल उत्तर के संबंध में यदि किसी विद्यार्थी को आपत्ति हो तो वह 30 मई तक सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग धमतरी में स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति जमा कर सकते हैं। दावा-आपत्ति के पक्ष में दस्तावेज जमा करना अनिवार्य होगा। डाक द्वारा प्राप्त दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### फार्मेसी प्रवेश परीक्षा में 156 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**धमतरी।** फार्मेसी कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित पीपीएचटी परीक्षा गुरुवार को जिले के दो परीक्षा केंद्रों में हुई। परीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की अनुपस्थिति देखने को मिली। पीजी कॉलेज धमतरी में आयोजित परीक्षा केंद्र में कुल 360 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 254 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 106 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई गई और किसी प्रकार की अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। इसी तरह गर्ल्स कॉलेज में भी परीक्षा आयोजित की गई। यहां कुल 206 विद्यार्थियों में से 156 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 50 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। दोनों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी की भी व्यवस्था रही, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी। अधिकारियों के अनुसार दोनों केंद्रों पर परीक्षा प्रक्रिया निर्धारित नियमों के अनुसार पूरी कराई गई।

### व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर 22 से

**नगरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में छह दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 22 से 27 मई तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (बीटीआईई) नगरी में होगा। शिविर का उद्देश्य युवाओं में नैतिक मूल्यों, श्रेष्ठ संस्कारों, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करना है। इस शिविर में 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। शिविर के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, योग, आत्मनिर्भरता, व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्र सेवा की प्रेरणा दी जाएगी।

चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद शुरू हुआ प्रचार-प्रसार का दौर

# पंचायत उपचुनाव : 13 पंच निर्विरोध सरपंच के एक पद के लिए प्रत्याशी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पंचायत उपचुनाव में 22 में से 13 पदों पर जनप्रतिनिधि निर्विरोध हो गए हैं। सरपंच के एक पद के लिए प्रत्याशी ही नहीं मिले जिसके चलते वहां चुनाव नहीं होगा। बाकी एक सरपंच सहित 7 पंच के लिए 1 जून को मतदान होगा।

चुनाव चिन्ह के आवंटन के बाद पंचायत उपचुनाव का शोरगुल शुरू हो गया है। प्रचार-प्रसार का यह दौर 30 मई तक चलेगा। 31 को पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों में पहुंच जाएंगी। 1 जून को मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। मतदान खत्म होते ही मतगणना शुरू कर दी जाएगी। शाम तक रिजल्ट सबके सामने होगा। रिजल्ट की अधिकृत घोषणा 4 जून को सारणीकरण के बाद की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 17 ग्राम पंचायतों में यह चुनाव होना है जहां 27 हजार 885 मतदाता हैं। अधिकांश पद निर्विरोध होने के कारण बड़ी संख्या में मतदाताओं को मतदान का अवसर नहीं मिलेगा।




### यहां निर्विरोध चुने गए

नगरी में 8 पंच पद के लिए चुनाव होना था, जिसमें सभी निर्विरोध चुने गए हैं। जानकारी के अनुसार बिरनासिल्ली में तीन, सिरसिदा, घोटगांव, बनबगौद, कट्टीगांव और करैहा में एक-एक पंच निर्विरोध हुए हैं। इसी प्रकार धमतरी के मोंगरागहन, कुरूद के जीजामगांव, तर्रागोंदी और चरोटा, मगरलोड के खड़मा में पंच निर्विरोध हुए हैं।

### 31 प्रत्याशी मैदान में

नाम वापसी के बाद 31 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें से धमतरी के लीलर में सरपंच का चुनाव होगा, जिसके लिए तीन प्रत्याशी मैदान में हैं। बाकी पंचायतों में पंच का चुनाव होगा। इसमें से कुरूद के गोबरा में ही 3 प्रत्याशी हैं। बाकी धमतरी के मोंगरागहन, कुरूद के चर्रा, सिवनीकला, कुहकुहा, सेमरा बी, मगरलोड के मोतिमपुर में पंच के लिए 2-2 प्रत्याशी मैदान में हैं। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दे दिया गया है। शुक्रवार से चुनाव प्रचार भी तेज होने की संभावना है।

### खाली रह गया मोतिमपुर में सरपंच पद

आरक्षण के अड़ंगा के चलते मगरलोड ब्लाक के मोतिमपुर में सरपंच पद आम निर्वाचन से ही खाली पड़ा है। यहां सरपंच का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। जबकि यहां एक भी प्रत्याशी आदिवासी वर्ग से नहीं है। उल्लेखनीय है कि पिछले पंचवर्षीय में सिलघट में इसी प्रकार की समस्या के चलते पूरे पांच साल तक सरपंच पद रिक्त रहा। उपसरपंच ने पांच साल तक सरपंच का कार्यभार सम्हाला था। धमतरी के लीलर में सरपंच पद के लिए मतदान होगा। यहां पर तीन प्रत्याशी मैदान में हैं।

# अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

■ मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी

मगरलोड थाना अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। पहली घटना 20 मई बुधवार की रात्रि मेघा छिपली मार्ग पर हुई। मोटर साइकिल खड़ी ट्रैक्टर से टकरा गई जिससे बाइक चालक की मौत हो गई है।

जानकारी अनुसार छिपली निवासी लोकेश्वर यादव पिता रोशन यादव उम्र 32 वर्ष अपने बड़े पिताजी के लड़के खेमलाल यादव पिता स्व. बिरझूराम उम्र 30 वर्ष के साथ सेन्हाभाठा की राइस मिल में हमाली काम करने के लिए गया था। वापसी के समय तकरीबन 9.30 बजे उसकी बाइक बंद पड़ी गुप्ता राइस मिल के पास खड़ी ट्रैक्टर से टकरा गई। बाइक को लोकेश्वर यादव चला रहा था। टकराने से लोकेश्वर के मस्तिष्क, छाती पर गंभीर चोट लगी है। उसे तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम गुरूवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया।





दूसरी घटना 21 मई को मेघा मेन रोड में 11 बजे 7 मिनट पर हुई। बाइक चालक मेन रोड पर पैदल चल रहे व्यक्ति को बचाने के चक्कर में गिर गया, पीछे से आ रही पिकअप उसे रगड़ते हुए निकल गई। बाइक चालक खून से लथपथ हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल बाइक चालक को सड़क किनारे लाया । थोड़ी देर बाद युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना 112 को दी गई। सूचना मिलते ही 112 डायल के कर्मचारी और शासकीय 108 वाहन भी पहुंच गए। शव को स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड ले गया। मृतक युवक की पहचान यशवंत निषाद पिता दौलत निषाद उम्र 24 वर्ष लगभग ग्राम अमलीडीह निवासी के रूप में हुई। इस घटना से परिवार में शोक की लहर है। पिकअप मेघा के हार्डवेयर संचालक की बताई गई है। इस मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

रेत के लिए लोगों को करना पड़ रहा तीन से चार दिन इंतजार

# गर्मी में नदी बनी भट्ठी, दोपहर में ही बंद हो रही गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रेत के कारोबार में ड्राइवर-लेबर की कमी के चलते बड़ी संख्या में ट्रैक्टर खड़े हो गए हैं। गर्मी में रेत ट्रांसपोर्टिंग गाड़ियों की संख्या भी काफी कम हो गई है। गाड़ियों की संख्या कम होने से शहर से लेकर गांव तक रेत संकट जैसी स्थिति बनी हुई है।

बारिश का मौसम अब काफी नजदीक है। ऐसे में भवन निर्माण करवा रहे लोग काम जल्दी कम्पलीट करने की कोशिश में लगे हैं। उधर गर्मी के चलते ट्रैक्टर में रेत लोडिंग के लिए लेबर नहीं मिल रहे हैं। ड्राइवरों की भी कमी है, जिसके चलते कई गाड़ियां महीनों से खड़ी हैं। बड़ी संख्या में रेत की गाड़ियां बंद होने से शहर और आसपास के गांवों में रेत संकट जैसी स्थिति बनी हुई है। रेत के लिए लोगों को तीन से चार दिन इंतजार करना पड़ रहा है। उधर 10 जून के बाद नदी से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध भी लगा दिया जाएगा। ऐसे में किल्लत और बढ़ने की आशंका है।



### महीनों से खड़ी हैं गाड़ियां

ट्रांसपोर्टर दिनेश कुमार, युवराज, सन्नी ने बताया कि उनकी गाड़ियां महीनों से खड़ी हैं। न तो लेबर मिल रहे हैं और न ही ड्राइवर। युवराज ने बताया कि उनका तो इस व्यवसाय से मोहभंग हो गया है। खोजने पर भी लेबर, ड्राइवर नहीं मिल रहे हैं। आठ माह से गाड़ी खड़ी है। गाड़ी से आवक बंद हो गई है। गाड़ियां फाइनेंस में हैं। कुछ भी आवक नहीं है। इधर-उधर से जुगाड़ कर वे किस्त पटा रहे हैं।

### गर्मी भी कर रही परेशान

दोपहर में पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया है। नदी तो भट्ठी जैसी गर्म हो जाती है। जहां पर न पेड़ है और न ही छांव। ऐसे में यहां पर रेत लोड करना आसान नहीं है। भयावह गर्मी के चलते लेबर, ड्राइवर की तबीयत खराब हो रही है। स्थिति को देखते हुए कई लेबर, ड्राइवरों ने काम छोड़ दिया है। जो काम कर रहे हैं, वे भी 11 बजे के बाद गाड़ी खड़ी कर देते हैं। ऐसे में रेत का संकट और गहरा हो गया है।

# जेसीबी की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम भटगांव के आईटीआई मार्ग से गुजर रहे बाइक सवारों को जेसीबी वाहन ने ठोकर मार दी। इस घटना में दोनों युवक घायल हो गए ।

मिली जानकारी के अनुसार रुद्री थाना क्षेत्र के ग्राम भटगांव निवासी परमेश्वर ध्रुव उम्र 18 वर्ष व शिव देवांगन उम्र 26 वर्ष बुधवार की रात्रि भटगांव स्थित आईटीआई कालेज के सामने से गुजर रहे थे। इसी दौरान जेसीबी चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों के पैर फ्रेक्चर हो गए वरदान परमार्थ सेवा समिति के शिवा प्रधान एंबुलेंस के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### ग्राम भटगांव की घटना





# धमतरी जिले के युवाओं के कौशल को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के युवाओं को रोजगार एवं आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन और आमधाने प्राइवेट लिमिटेड के मध्य एक महत्वपूर्ण एमओयू (मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर किए गए।

एमओयू के अनुसार जिले के बेरोजगार युवाओं, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों, डिप्लोमा धारकों तथा ब्लू-कॉलर एवं ग्रे-कॉलर श्रमिकों को देश के विभिन्न राज्यों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, मैन्युफैक्चरिंग, निर्माण एवं इंफ्रास्ट्रक्चर, रिटेल एवं ई-कॉमर्स, ऑटोमोबाइल तथा टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में रोजगार संभावनाओं का विस्तार किया जाएगा।

रोजगार शिविरों, काउंसलिंग सत्रों एवं जॉब ड्राइव के आयोजन हेतु आवश्यक स्थल एवं प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई), डिप्लोमा कॉलेजों तथा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एसआरएलएम) के माध्यम से पात्र युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए समन्वय स्थापित किया जाएगा। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु पंचायत स्तर पर भी जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## जिला प्रशासन और आमधाने प्राइवेट लिमिटेड के बीच हुआ एमओयू

### रोजगार सशक्तिकरण की नई पहल

वहीं, आमधाने प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पंजीयन शिविरों का आयोजन, अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग एवं कौशल आधारित चयन, सत्यापित नियोजकों से रोजगार उपलब्ध कराना तथा चयनित युवाओं को प्री-डिपार्चर ओरिएंटेशन एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कंपनी द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी नियुक्तियां वैध, सुरक्षित एवं श्रम कानूनों के अनुरूप हों। नियुक्त युवाओं के लिए पोस्ट-प्लेसमेंट सहायता एवं शिकायत निवारण तंत्र भी विकसित किया जाएगा। यह समझौता पूर्णतः गैर-व्यावसायिक आधार पर किया गया है। रोजगार प्रक्रिया के किसी भी चरण में अभ्यर्थियों से कोई शुल्क या कमीशन नहीं लिया जाएगा। जिला प्रशासन और कंपनी के मध्य किसी प्रकार का वित्तीय लेन-देन भी नहीं होगा।



### युवाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि जिला प्रशासन युवाओं को स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रोजगार अवसरों से जोड़ने के लिए सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल युवाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगी, बल्कि उनके कौशल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत केवटीनटोला निवासी 29 वर्षीय शेखर चुरेंद्र पिता सुखराम को साप ने काट लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक को 19 मई को साप ने काट लिया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### गिरकर घायल महिला की अस्पताल में मौत

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत पीव्ही 44 निवासी 35 वर्षीय चपला मिस्त्री पति सुखदेव बाइक से गिरकर घायल हो गई व चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई। अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका बाइक के गिर गई थी, जिसके कारण उसे चोट आई थी। इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान 17 अप्रैल को उसकी मौत हो गई।

## निधन

### ललित बुरड़



**धमतरी।** शहर के ब्राम्हण पारा निवासी ललित बुरड़ (60 वर्ष) का गुरुवार 21 मई 2026 को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार, समाज एवं परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है। स्व. ललित बुरड़, स्व. जेठमल बुरड़ के सुपुत्र थे। वे प्रांजल बुरड़ एवं प्रांजली बुरड़ के पिता थे। साथ ही उत्तम बुरड़ एवं भागेश बुरड़ के छोटे भाई थे। वे निकेश बुरड़, संदीप बुरड़, रूपेश बुरड़ एवं अरिहंत बुरड़ के चाचा थे। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को ब्राम्हण पारा स्थित निवास से शांति घाट के लिए निकली। अंतिम संस्कार में जैन समाज सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, समाजजन, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### श्रीमती सरोजबाई सेन



**कोर्रा(धमतरी)।** ग्राम हंचलपुर (कोर्रा) निवासी श्रीमती सरोज बाई सेन 56 वर्ष का गुरुवार 21 मई को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में सामाजिक एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोकाकुल परिवार में पति मुरलीधर सेन, पुत्र अंगेश सेन, पुत्रवधू नीलम सेन समेत अन्य शामिल हैं।

## सुशासन तिहार में वार्ड 1 से 15 तक के नागरिकों ने लिया हिस्सा

# नगर पंचायत नगरी को नगर पालिका का दर्जा देने की मांग





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगर पंचायत नगरी के सांस्कृतिक भवन में सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी विभिन्न समस्याएं एवं मांगें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं।

नागरिकों ने पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण, नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वच्छता, बिजली व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण हेतु दर्ज किया गया।

इस दौरान नगर पंचायत को नगर पालिका का दर्जा दिए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठी। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने क्षेत्र के विकास और बढ़ती आबादी को देखते हुए नगरी को नगर पालिका बनाए जाने की आवश्यकता बताई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर पालिका बनने से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी।

अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की मंशा है कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े, बल्कि प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुने और उनका त्वरित समाधान करे। सुशासन तिहार इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेशभर में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, मोहन नाहटा, कमल डागा, रूपेण साहू, सभापति अश्वनी निषाद, शंकर देव, राजा पवार, देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल, डागेश्वरी साहू, यश करण पटेल, हरीश साहू सहित एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश सोन ने किया।

### हितग्राहियों को छड़ी एवं व्हीलचेयर वितरित

शिविर में समाज कल्याण विभाग के सहयोग से जरूरतमंद हितग्राहियों को विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के हाथों छड़ी एवं व्हीलचेयर वितरित की गई। नगरवासियों ने शासन-प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आम जनता को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का बेहतर अवसर मिलता है तथा समस्याओं के समाधान में तेजी आती है।

# ट्राईसिकल पाकर खिले दिव्यांगजनों के चेहरे

- विधायक अजय चंद्राकर ने सौंपा सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में नगर पंचायत भखारा में दिव्यांगजनों को ट्राईसिकल प्रदान की गई। ट्राईसिकल पाकर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चंद्राकर ने दिव्यांग हितग्राहियों को ट्राई ट्राईसिकल प्रदान करते हुए उनके स्वस्थ, सरल एवं सुगम भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 8 निवासी खिलेश्वरी निषाद 45 प्रतिशत दिव्यांगता पिता अर्जुन निषाद तथा वार्ड क्रमांक 11 निवासी धनेश कुमार 50 प्रतिशत दिव्यांगता पिता परदेसी राम को आवेदन के आधार पर ट्राईसिकल प्रदान की गई।

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक डॉ. मनीष पांडे, परियोजना अधिकारी कौशल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, सभापतिगण हितेंद्र साहू, छबिलाल निर्मलकर, भूपेश्वरी चंदेल, अंजू साहू, पार्षदगण परदेसी राम कंवर, भूपेंद्र यादव, भानुप्रताप गायकवाड़, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, बिट्टू, झम्मन साहू, मेघनाथ साहू, खेमलता साहू, जितेंद्र साहू, डुमेंद्र गैंगबेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# बिसाहू सिंह गौर स्कूल के शौचालय की महीनों से नहीं हुई सफाई

**अंवरी।** शिक्षा और शिक्षा व्यवस्था का बेहतर क्रियान्वयन का दंभ प्रदेश सरकार भरती है परन्तु स्कूलों की वस्तुस्थिति क्या है। यह नगर पंचायत भखारा स्थित बिसाहू सिंह गौर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखारा का शौचालय बयां कर रही है। यहां आये दिन व्यापम द्वारा परीक्षा केंद्र घोषित कर परीक्षा ली जाती है लेकिन व्यवस्था रत्ती भर नहीं है। बता दें कि यहां शौचालय का बुरा हाल है। न ही दरवाजा है और न ही पानी की व्यवस्था। लाखों की लगत से बने इस शौचालय का बुरा हाल है। ग्राउंड में बना शौचालय बुरी तरह से जर्जर हो गया है। हरिभूमि प्रतिनिधि थानेश्वर साहू ने स्थिति का जायजा लिया तो पता चला कि महीनों से शौचालय की साफ-सफाई नहीं हुई है। गंदगी पसरी हुई है। हाथ धोने के लिए न साबुन है और न ही तौलिया।



# नीट पेपर लीक मामले में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द करने के विरोध में बजरंग चौक में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। विरोध दर्ज कराते हुए शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। ब्लॉक अध्यक्ष अनवर रजा ने कहा कि एनटीए की कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया में लगातार सामने आ रही अनियमितता और अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने व एनटीए महानिदेशक को हटाने की मांग की गई। सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों से पुतला छीनने की कोशिश की। इस दौरान शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग की। मौके पर प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, अभिषेक बंजारे युवा कांग्रेस अध्यक्ष, राकेश नेताम, लकेश्वर साहू, अंकुश देवांगन, वेंकट देवांगन, सूर्यकांत पटेल, भावेश चंदनिया, लक्ष्य तिवारी, पिंटू, भानेन्द्र, रोहन, भास्कर साहू, कुलेश्वर टंडन, भोज नवरंग, गीतेश कोसरे, पंकज उपस्थित थे।

# राजीव ने भारत को आधुनिक सोच और नई दिशा दी

- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भखारा द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके देश के विकास, युवा सशक्तिकरण और तकनीकी क्रांति में दिए गए योगदान को याद किया। भखारा ब्लॉक अध्यक्ष होमेन्द्र साहू ने कहा कि राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक सोच और नई दिशा देने का कार्य किया। उनके द्वारा शुरू की गई दूरसंचार एवं कंप्यूटर क्रांति ने देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। कांग्रेस नेताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष होमेन्द्र साहू, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद साहू, जिला महामंत्री राजू साहू, जिला सचिव बिसौहा, प्रभारी महामंत्री लेखराम यादव, मनोज साहू, ब्लॉक पदाधिकारी सागर गौर, समीर गौर, मुकेश साहू, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष संतोषी निषाद, रामचंद्र साहू, गैन्दलाल साहू, डॉ. मोहन हरदेल, संतोष साहू, सोमनाथ साहू, गोपालन साहू, बिट्टू, संतोष साहू, अनिकेत साहू, भूपेश पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# छात्राएं सीख रहीं मेहंदी, सिलाई व पेंटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भैंसमुण्डी में छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भैंसमुण्डी में अधीक्षिका हितेश्वरी नेताम के निर्देशन में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण का आयोजन 10 अप्रैल से 16 मई तक किया गया है। कुशल प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने मेहंदी, आत्मरक्षा, सिलाई , योगा, पेंटिंग, डांस क्लास, कबाड़ से जुगाड़, हस्तकला, सुलेख , कुशन बनाना, बस्तर आर्ट, मंडला आर्ट, लिप्पन आर्ट, मधुबनी आर्ट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष कविता यादव, समिति के सदस्यों एवं अन्य प्रशिक्षकों व शिक्षिकाओं का सहयोग सराहनीय रहा।

# कृषक को मिली ट्रैक्टर ऋण वितरण राशि



**मगरलोड।** राज्य शासन की उन्नत कृषक योजन के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा मगरलोड अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति भोथीडीह द्वारा ट्रैक्टर ऋण वितरण राशि 8 लाख ग्राम रांकाडीह के उन्नतशील कृषक दिवाकर ठाकुर को प्रदान की गई। इस अवसर पर सोसायटी के प्राधिकृत अधिकारी शत्रुघ्न साहू, शाखा प्रबंधक चंद्रभान साहू, प्रबंधक ईश्वर सिन्हा सहित सोसायटी के कर्मचारी उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त शिक्षक ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

- विधायक ने भाजपाई गमछा पहनाकर किया स्वागत



भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और विधायक अजय चंद्राकर के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहे निरंतर विकास कार्यों से प्रभावित होकर ग्राम पचपेड़ी निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बीआर साहू ने भाजपा का दामन थाम लिया है जिसका विधायक चंद्राकर ने पुष्पमाला और भाजपाई गमछा पहनाकर पार्टी में उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि समाज के प्रबुद्ध जनों और अनुभवी लोगों का पार्टी से जुड़ना यह दर्शाता है कि जनता का भाजपा की नीतियों पर अटूट विश्वास है। श्री साहू के आने से संगठन को ग्रामीण स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जनपद पंचायत कुरुद उपाध्यक्ष सतीश जैन, सोसाइटी अध्यक्ष संतोष यादव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विजयगिरि गोस्वामी, बूथ अध्यक्ष गेवेंद्र महमल्ला, सूरज पांडे, उपसरपंच राकेश पटेल सहित पंचगण गिरजाशंकर, संतोषी निषाद, भूपेंद्र साहू, लोमस साहू, धनराज यादव, ईश्वर साहू, श्रीमती योगिता यादव और कुमारी बाई ने भी नये सदस्य का स्वागत कर हर्ष जताया है।

## ग्राम पंचायत पुरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# किसानों को मिली आधुनिक खेती की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




ग्राम पंचायत पुरी में मंगलवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान 2026 के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक और वैज्ञानिक खेती की तकनीकों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना और सतत कृषि को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बलराम साहू, भगतराम यादव, पूर्व जनपद सदस्य, सरपंच सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को नई तकनीकों और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी।

अधिकारियों ने संतुलित उर्वरक उपयोग, हरी खाद, नील-हरित शैवाल, बीज उपचार, जैविक खेती, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, फसल चक्र अपनाने के लाभ, पराली जलाने से होने वाले नुकसान और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि अधिकारी एवं विभागीय स्टाफ भी उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को समझाया कि आधुनिक तकनीकों को अपनाने से उत्पादन में वृद्धि के साथ लागत में कमी लाई जा सकती है।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)

14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध

डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़



समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

# सीतानदी टाइगर रिजर्व के जैतपुरी विवाद में सिहावा थाना पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के ग्राम जैतपुरी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपने के बाद गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण सिहावा थाना पहुंचे और वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों पर मारपीट, महिलाओं से दुर्व्यवहार तथा जबरन कार्रवाई करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों के साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि हम अपने हक की लड़ाई लड़ेंगे।

ग्रामीणों ने थाना प्रभारी अजय सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी वन कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग की टीम बिना पूर्व सूचना गांव पहुंची और कार्रवाई के दौरान घरों में घुसकर लोगों को पकड़ने लगी। विरोध करने पर महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई किए जाने का आरोप लगाया गया है।

इधर वन विभाग का कहना है कि टाइगर रिजर्व क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण और जंगल कटाई की शिकायतों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही थी। विभाग के अनुसार ड्रोन और सेटेलाइट सर्वे में बड़ी मात्रा में वन भूमि पर कब्जा सामने आया है।

थाना प्रभारी अजय सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के बयान, वायरल वीडियो और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### वन अमले पर कार्रवाई की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा



### वायरल वीडियो के बाद बढ़ा विवाद, मारपीट का आरोप

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के दौरान वीडियो बना रहे युवकों के साथ मारपीट की गई और मोबाइल छीनने की कोशिश की गई। वहीं घटना से जुड़े वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद मामला और गरमा गया है।

---

## खबर संक्षेप




### सेजस दमकसा में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**दुर्गुकोंदल।** ग्रामीण अंचल के बच्चों को महानगरों जैसी विश्वस्तरीय और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के संकल्प के साथ, दुर्गुकोंदल ब्लॉक अंतर्गत शाउमा उत्कृष्ट विद्यालय दमकसा में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ हो चुका है। बेहतर शिक्षा, उज्जवल भविष्य हमारा लक्ष्य के ध्येय वाक्य के साथ यह संस्थान क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सर्वसुविधायुक्त माहौल में गढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह विद्यालय क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। संस्थान में कक्षा छठवीं से लेकर 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के सुनहरे अवसर खुले हैं।

### पूर्व पीएम राजीव गांधी को विधायक ने दी श्रद्धांजलि



**भानुप्रतापपुर।** विधायक निवास भानुप्रतापपुर में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के देश के विकास, तकनीकी प्रगति और लोकतंत्र को मजबूत करने में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, गोपाल राठी, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, रवि साहू एवं तुषार मंडावी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी कांग्रेस की हताश और कुंठा : टेकेश्वर सिन्हा

**सरोना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति की गई अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना के अध्यक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे कांग्रेस पार्टी की हताशा, निराशा एवं राजनीतिक पतन का प्रतीक बताया है। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने जारी अपने बयान में कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, किंतु देश के प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद की गरिमा के विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। राहुल गांधी लगातार अपनी राजनीतिक विफलताओं से बौखलाकर सार्वजनिक मंचों से मर्यादाहीन भाषा का उपयोग कर रहे हैं, जिसे देश की जागरूक जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व स्तर पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत की विदेश नीति, मजबूत अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भर भारत अभियान, गरीब कल्याण योजनाएं एवं वैश्विक मंचों पर देश की बढ़ती प्रतिष्ठा कांग्रेस पार्टी को असहज कर रही है।

### भानुप्रतापपुर चेंबर की इंडस्ट्रीज इकाई के कथूरिया बने अध्यक्ष

**भानुप्रतापपुर।** क्षेत्र के व्यापारियों को एकजुट करने एवं उनकी समस्याओं को प्रदेश स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से भानुप्रतापपुर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज इकाई का गठन किया गया है। इस नई इकाई के गठन में वरिष्ठ व्यवसायी एवं समाजसेवी प्रदीप जैन तथा व्यापारी संघ अध्यक्ष राकेश रमानी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा 20 मई को जारी आदेश में नई कार्यकारिणी को स्वीकृति प्रदान की गई है। नई कार्यकारिणी में सतलाल चश्मा दुकान के संचालक एवं युवा व्यवसायी यश कुमार कथूरिया को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा व्यापारी चेहरे के रूप में पहचान बना चुके यश कथूरिया के अध्यक्ष बनने से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

---

पानी की समस्या दूर करने 1.74 करोड़ का प्रस्ताव भेजा

# नए राइजिंग पाइप से सुधरेगी जल व्यवस्था शहर की एक तिहाई आबादी को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में हर वर्ष गर्मी के मौसम में होने वाली जल संकट की समस्या को दूर करने नगर निगम प्रशासन ने बड़ी पहल की है। पुराने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के पास बनाए जा रहे 9 एमएलडी क्षमता वाले नए प्लांट से शहर की तीन प्रमुख ओवरहेड टंकियों को जोड़ने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए लगभग 1.74 करोड़ रुपए की लागत से नई राइजिंग पाइपलाइन बिछाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

नगर निगम द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार जालमपुर, बठेना और नवागांव की ओवरहेड टंकियों को नए प्लांट से जोड़ने पर जलापूर्ति व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा। वर्तमान में शहर के कई इलाकों में गर्मी के दौरान पानी की कमी बनी रहती है, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। नए सिस्टम के शुरू होने से पानी का दबाव बढ़ेगा और टंकियां कम समय में भर सकेंगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुछ टंकियों को भरने में 8 से 9 घंटे का समय लगता है, लेकिन नए प्लांट से जुड़ने के बाद यही टंकियां लगभग 5 घंटे में भर जाएंगी। इससे सुबह और शाम दोनों समय लोगों को पर्याप्त दबाव के साथ पानी मिल सकेगा। नगर निगम के अनुसार इस योजना का लाभ शहर की एक तिहाई से अधिक आबादी को मिलेगा।

नगर निगम ने बताया कि शहर में पहले ही 85 किलोमीटर लंबी नई वितरक पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। नए प्लांट और राइजिंग पाइपलाइन के चालू होने के बाद मार्च से जून तक गर्मी में होने वाली पानी की किल्लत से लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। नागरिकों ने भी इस योजना को शहर के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया है।



### पुरानी पाइपलाइन हटेगी, गर्मी में मिलेगी राहत

शहर में करीब 35 साल पुरानी सीमेंट पाइपलाइन को भी चरणबद्ध तरीके से बंद किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार पुरानी पाइपलाइन के कारण लीकेज, गंदे पानी की समस्या और जल आपूर्ति में बाधाएं आती थीं। नए प्लांट के पूरी तरह शुरू होने के बाद पुरानी लाइन को हटाकर आधुनिक व्यवस्था लागू की जाएगी।

### टंकियां 5 घंटे में भरेंगी, जलापूर्ति होगी बेहतर

जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर ने बताया कि 9 एमएलडी क्षमता वाले नए प्लांट का लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। योजना के तहत करीब 1 किलोमीटर लंबी 400 एमएम की नई राइजिंग पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके माध्यम से प्लांट से पानी नहर नाका चौक तक पहुंचाया जाएगा, जहां वॉल लगाकर जल वितरण को दो हिस्सों में विभाजित किया जाएगा।

---

## रिसाईपारा पूर्व वार्ड में 13.92 लाख की आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

- नाली निर्माण से वार्ड की बदलेगी तस्वीर, जलनिकासी होगी बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रिसाईपारा पूर्व वार्ड में जमात खाना से आंगनबाड़ी होते हुए पवन हार्डवेयर, नोवेल्टी शॉप से देवश्री टॉकीज तक बनने वाली आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस निर्माण कार्य की लागत राशि 13.92 लाख रुपए है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगदीश रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने की।

विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी थे। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सड़क, नाली, पेयजल और विद्युत व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आरसीसी नाली निर्माण से क्षेत्र में जलभराव और गंदगी की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी तथा बरसात के दिनों में आवागमन भी सुगम होगा।

महापौर ने कहा कि निगम का प्रयास है कि हर वार्ड में जरूरत के अनुसार विकास कार्य कराए जाएं, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में धमतरी शहर को लगातार विकास की सौगात मिल रही है और आने वाले समय में भी अनेक जनहितकारी कार्य कराए जाएंगे। वार्ड पार्षद मेघराज ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

---

## समाधान शिविर में मिले 356 आवेदन, 53 का मौके पर निराकरण

- नगर पंचायत भखारा-भठेली के पंचायत भवन में सुशासन तिहार मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

नगर पंचायत भखारा-भठेली के पंचायत भवन में सुशासन तिहार 2026 समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीएमओ हरिकिशन पावरिया, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, अविनाश गौर बिट्टू, वरिष्ठ नागरिक वीरेंद्र साहू, हेमंत साहू, भूपेश्वरी चंदेल, गौतमी पटेल, झम्मन साहू, परदेसी कंवर, भूपेंद्र यादव, डूमेंद्र गंगबेल, हितेंद्र साहू, मेघनाथ साहू पार्षदगण, इंजीनियर ज्योति साहू सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित थे। विशेष बात यह रही कि जिले के विभिन्न नगर पंचायतों एवं निकायों के सीएमओ भी समाधान शिविर में शामिल हुए और शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं जनसमस्याओं के समाधान की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

शिविर में कृषि विभाग, राजस्व विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी, मितानिन, जिला उद्योग केंद्र, खाद्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा योजनाओं की जानकारी देकर आवेदन स्वीकार किए।

शिविर में कुल 356 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 53 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शेष आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। महिलाओं ने भी शिविर में पहुंचकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने एवं समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में 5 पात्र हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड वितरित किए गए। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत 2 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली पात्र कन्याओं को शासन द्वारा एक लाख रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिससे बेटियों को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलती है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचे तथा नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो।

शिविर में शेखर सिन्हा, पूर्णेश्वर साहू, संजय साहू, चंद्रप्रकाश साहू, देवेंद्र कंवर, कमलेश साहू, शोभा साहू, स्वच्छता समूह की दीदियां सहित सभी विभाग के कर्मचारियों का योगदान रहा।



### उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों का सम्मान

शिविर के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। वृक्षारोपण हेतु छोटू राम पाल (वार्ड-15), वर्षा ऋतु में जल संरक्षण हेतु उषा साहू (वार्ड-06), स्वस्फूर्त घर और दुकान का प्रथम टैक्स पटाने हेतु विपिन बिहारी साहू (वार्ड-08), संस्कृत कार्य क्षेत्र में भुवन निर्मलकर (वार्ड-07), पेयजल व्यवस्था हेतु कुशराज सोन (वार्ड-11), लेखराम साहू (वार्ड-11) एवं घनश्याम यादव (वार्ड-12) का सम्मान किया।

---

## योग प्रशिक्षक आरक्षक सुजय राजभवन में सम्मानित





- पुलिस की पाठशाला को मिली उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

योग प्रशिक्षण एवं अनुकरणीय सेवाओं के लिए जिले में पदस्थ आरक्षक सुजय को राजभवन में नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान पुलिस की पाठशाला के लिए उपलब्धि है।

पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के मार्गदर्शन एवं उनके अभिनव प्रयासों से संचालित पुलिस की पाठशाला को एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। इससे जुड़े योग प्रशिक्षक आरक्षक सुजय मंडल एवं उनकी शिष्या रूचि साहू को राजभवन में स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान महामहिम राज्यपाल रमन डेका ने नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। आरक्षक सुजय योग के विभिन्न कठिन एवं प्रभावशाली आसन मयूर आसन, चक्रासन, धनुरासन, हलासन व शीर्षासन सहित अनेक याग विधाओं में विशेष निपुणता रखते हैं। उनके द्वारा पुलिस लाइन में आयोजित योग शिविरों के माध्यम से पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एसपी की प्रेरणा से आरक्षक सुजय के साथ पुलिस लाइन रूद्री में योग प्रशिक्षण प्रदान करने वाली उनकी शिष्या रूचि को भी महामहिम राज्यपाल रमन डेका ने सम्मानित किया। सम्मान प्राप्ति के बाद आरक्षक सुजय एवं उसकी शिष्या रूचि ने एसपी से सौजन्य भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। एसपी ने दोनों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्य को निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया। इस उपलबब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा व एसपी सूरज सिंह परिहार सहित जिले के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हर्ष जताया है।

---

## भाजपा कार्यकर्ताओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण

- सामान्य सदस्य से प्रामाणिक कार्यकर्ता बनाने का उपक्रम है प्रशिक्षण : शशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत भाजपा धमतरी जिला का 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण वर्ग 22 एवं 23 मई को बालोद के माहेश्वरी समाज भवन में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण महाअभियान जिला के समस्त वरिष्ठ एवं दायित्ववान कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित है, जिसमें लगभग 200 कार्यकर्ता भाग लेंगे।

जिला वर्ग नियंत्रक ठाकुर शशि पवार ने बताया ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य सामान्य सदस्य को प्रामाणिक कार्यकर्ता में बदलना है। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विकास, कार्यपद्धति, कार्यकर्ता गुण एवं दायित्व, सरकारी योजनाओं में संगठन की भूमिका, बूथ प्रबंधन, सोशल मीडिया और मीडिया प्रबंधन, विचार परिवार एवं छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

प्रशिक्षण वर्ग में 12 से अधिक सत्र आयोजित होंगे, जिनमें व्यावहारिक सत्र भी शामिल होंगे। इनमें लाभार्थी सम्पर्क, मातृशक्ति समूह संपर्क, कार्यालय एवं कोष प्रबंधन, सोशल मीडिया, आईटी एवं एआई प्रशिक्षण शामिल हैं। संध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रातः काल योगाभ्यास एवं प्रार्थना भी आयोजित होगी। संगठन जिला प्रभारी श्रीमती किरण बघेल तथा प्रशिक्षण महाअभियान हेतु धमतरी जिले के प्रभारी आलोक ठाकुर की मॉनिटरिंग में जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, कार्यक्रम के जिला संयोजक महेंद्र पंडित, जिला महामंत्री राकेश साहू सहित प्रशिक्षण वर्ग की टीम ने मंडल अध्यक्षों के साथ अनेक बैठकें कर प्रशिक्षण वर्ग से संबंधित सभी पहलुओं का बारीकी से मंथन कर उसके क्रियान्वयन की रूपरेखा बनाई है। कार्यकर्ताओं के लिए ऑनलाइन पंजीयन और शुल्क भुगतान की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षण हॉल में प्रवेश से पूर्व सभी को मोबाइल जमा करना होगा। आयोजक दल ने मंच, जलपान, अतिथि सत्कार, स्थल सजावट और साहित्य विक्रय केंद्र जैसी व्यवस्थाओं के लिए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की विशेष टीम बनाई है। जिले के सभी पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि प्रशिक्षण में भाग लेंगे। उद्घाटन सत्र के पूर्व ध्वजारोहण होगा, वंदे मातरम एवं राजगीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। प्रशिक्षण महाअभियान का उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं को दक्ष बनाना है।

### समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**पुरी(धमतरी)।** झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष जे.के. विश्वकर्मा अपने प्रदेश पदाधिकारियों के साथ एक दिवसीय धमतरी जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान बिरेझर में आयोजित झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज की जिलास्तरीय बैठक में शिरकत की। बैठक में जिले के 10 परिक्षेत्रों के अध्यक्षों द्वारा जिलाध्यक्ष का राजतिलक कर पुनः जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

---

## गैस महंगी हुई तो गांवों में फिर जला लकड़ी का चूल्हा

**महंगाई की मार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमत ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। महंगाई का असर अब सीधे रसोई और रोजमर्रा के जीवन पर दिखने लगा है। परिवहन लागत बढ़ने से बाजार में खाद्य सामग्री के दाम भी 8 से 10 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जिससे आम उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है।

ईंधन की कीमत में बढ़ोतरी का असर सब्जी और किराना बाजार पर साफ नजर आ रहा है। नींबू, अदरक, धनिया और हरी सब्जियों की विक्रेता शांति बाई ने कहा कि दाम तेजी से बढ़े हैं। किराना व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों का कहना है कि परिवहन चार्ज बढ़ने के कारण सामान की लागत बढ़ी है, जिसका सीधा असर ग्राहकों पर पड़ रहा है।

किराना व्यवसायी रजनी विश्वकर्मा ने बताया कि पहले की तुलना में अब रोजमर्रा की वस्तुएं महंगी हो गई हैं, जिससे बिक्री और खरीद दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

रसोई गैस की कीमत बढ़ने के कारण ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र में लोगों ने फिर से लकड़ी के चूल्हे का सहारा लेना शुरू कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में गैस सिलेंडर की उपलब्धता भी आसान नहीं है, जिससे स्थिति और कठिन हो गई है।

सब्जी व्यवसायी शांतिबाई विश्वकर्मा ने बताया कि उनके घर में पिछले एक महीने से लकड़ी का चूल्हा जल रहा है। उन्होंने कहा कि एक हजार रुपए में डेढ़ क्विंटल लकड़ी मिल जाती है, जिससे लगभग दो महीने तक रसोई का खर्च चल जाता है।

### ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा परेशानी

ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। ग्रामीण महिला रामहीन बाई साहू ने बताया कि उनके घर में पिछले दो महीने से लकड़ी का चूल्हा जल रहा है क्योंकि गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो रहा है। महंगाई बढ़ने से न सिर्फ रसोई का खर्च बढ़ा है बल्कि रोजमर्रा की जरूरतें भी प्रभावित हो रही हैं। लोगों को दो किलोमीटर दूर से लकड़ी लानी पड़ रही है।













विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्री-मानसून 2026 : जलदूत ऐप से होगा भूजल स्तर का वैज्ञानिक सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

प्री-मानसून 2026 के अंतर्गत भूजल स्तर के वैज्ञानिक आंकड़ों के संग्रहण के लिए जिले में व्यापक तैयारी की जा रही है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले की ग्राम पंचायतों में जलदूत मोबाइल ऐप के माध्यम से भूजल स्तर का डेटा संग्रहण कार्य 25 मई से 15 जून तक किया जाएगा।

यह अभियान ग्राम पंचायतों के चयनित खुले कुओं में संचालित होगा जिसका उद्देश्य भूजल की वास्तविक स्थिति का आकलन कर जल संरक्षण एवं जल प्रबंधन योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाना है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार भूजल स्तर मापन की प्रक्रिया को पूरी तरह वैज्ञानिक एवं एकरुप बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है ताकि प्राप्त आंकड़े भविष्य की जल संरक्षण रणनीतियों के लिए उपयोगी सिद्ध हों।

ग्राम पंचायतों में चयनित सभी खुले कुओं का मापन एक ही दिन किया जाना अनिवार्य होगा।

## धमतरी में शुरू हुआ भूजल मापन अभियान, हर कुएं का डेटा होगा डिजिटल रिकॉर्ड

### मापन के लिए केवल मेजरिंग टेप का उपयोग

इस प्रक्रिया का उद्देश्य अस्थायी उतार-चढ़ाव से बचते हुए सटीक भूजल डेटा प्राप्त करना है। भूजल स्तर मापन के लिए केवल मेजरिंग टेप का उपयोग किया जाएगा। किसी अन्य अनुमान आधारित पद्धति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि किसी कुएं में मापन पैरापेट अर्थात मुंडेर से लिया जाता है तो वास्तविक भूजल स्तर की गणना करते समय पैरापेट की ऊंचाई को घटाकर अंतिम आंकड़ा दर्ज किया जाएगा। इससे जल स्तर की सही गहराई रिकॉर्ड हो सकेगी।



### कुएं की कुल गहराई दर्ज की जाएगी

अभियान के दौरान सूखे कुओं को भी डेटा संग्रहण प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। ऐसे मामलों में जल स्तर के स्थान पर कुएं की कुल गहराई दर्ज की जाएगी। मंत्रालय ने प्री-मानसून 2026 से कुएं की कुल गहराई नामक नया पैरामीटर जलदूत मोबाइल ऐप में जोड़ा है, जिससे भूजल संरचना एवं जल उपलब्धता का अधिक विस्तृत विश्लेषण किया जा सकेगा।

### मापन का कार्य गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ होगा

जिला प्रशासन का मानना है कि भूजल स्तर का सटीक एवं समयबद्ध डेटा संग्रहण जल संरक्षण संबंधी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायक होगा। इससे भविष्य में पेयजल उपलब्धता, सिंचाई प्रबंधन तथा जल संकट से निपटने की रणनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में जलदूत मोबाइल ऐप के माध्यम से प्री-मानसून 2026 हेतु भूजल स्तर मापन का कार्य गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाएगा।

साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मापन से लगभग 10 से 12 घंटे पूर्व संबंधित कुएं से पानी का उपयोग या निकासी न की गई हो जिससे जल स्तर की वास्तविक स्थिति दर्ज की जा सके।

## खबर संक्षेप



### दर्रा की छात्रा का राज्यस्तरीय योगा ओलंपियाड में चयन

**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा की छात्रा कुमारी हिमांशी साहू पिता एस कुमार साहू का चयन राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 22 मई को रायपुर में होगी। वह रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग,सरगुजा, संभाग के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में भाग लेंगे। विद्यालय के प्राचार्य भानुराम रात्रे, ल शिक्षक राजकुमार साहू ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालिका का राज्यस्तर पर प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश बैस, जिला खेल अधिकारी श्रीमती शकीला देवदास , खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जेपी देव, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर साहू, सरपंच विजय कुमार रात्रे, जनपद सदस्य श्रीमती मनीषा साहू समेत स्कूल स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### परीक्षा के दौरान बिजली कटौती बंद करने की उठाई मांग

**धमतरी।** सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने से पहले लगातार हो रही



बिजली कटौती को लेकर भाजयुमो जिला कन्याशक्ति संयोजिका पूजा यादव ने बिजली विभाग और जिला प्रशासन से व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिना सूचना के हो रही बिजली कटौती से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और परीक्षा की तैयारी में परेशानी आ रही है। पूजा ने बताया कि रात में बिजली बंद होने से छात्र-छात्राएं रिवीजन नहीं कर पा रहे हैं। कई विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बिजली कटौती से विद्यार्थियों में मानसिक तनाव बढ़ रहा है और अभिभावक भी चिंतित हैं। उन्होंने प्रशासन से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने की अपील की है।

### नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर क्षेत्र से नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी टिकरापारा कांकेर निवासी 33 वर्षीय सन्नी नाग उर्फ राजू पिता कृष्णा नाग को धर दबोचा और उसे जेल दाखिल किया। पीड़िता ने थाना कांकेर पुलिस को बताया था कि आरोपी सन्नी नाग 15 सितंबर 2022 कि रात घर घूसा था। रात करीबन साढ़े 11 बजें मै घर पर थी। मुझे नाबालिग जानते हुए इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया गया। आरोपी द्वारा पीड़िता को लगातार डरा-धमकाकर 5 मार्च 2026 तक शारीरिक शोषण किया जाता रहा। शिकायत पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पता तलाश में जुटी।

निगम कार्यालय का किया घेराव, मटकी फोड़कर जताया विरोध

# दूषित पानी की सप्लाई पर डाकबंगला वार्ड के लोगों का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

डाकबंगला वार्ड में पिछले एक सप्ताह से दूषित, बदबूदार और मटमैले पानी की सप्लाई से परेशान लोगों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। वार्ड पार्षद सुमन मेश्राम के नेतृत्व में सैकड़ों वार्डवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने गंदे पानी से भरी मटकियां निगम कार्यालय के मुख्य गेट के सामने फोड़कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं और युवाओं ने पानी की समस्या को लेकर तत्काल समाधान की मांग की। प्रदर्शन को देखते हुए निगम कार्यालय परिसर में पुलिस बल तैनात किया गया था। निगम कार्यालय के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगाए गए पुलिस पहरे को लेकर भी प्रदर्शनकारियों ने नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान महापौर डरता है, पुलिस को आगे करता है जैसे नारे लगाए गए। वार्डवासियों का आरोप था कि लगातार शिकायतों के बावजूद निगम प्रशासन समस्या को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि पीजी कॉलेज रोड में नई पाइपलाइन डालने के बाद बिना टेस्टिंग पानी सप्लाई शुरू कर दी गई। पिछले सात दिन से लोगों के घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी के कारण कई लोग खुजली, उल्टी, दस्त और डायरिया जैसी बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं।

प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा, गौतम वाधवानी, दीपक सोनकर, उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांग, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, पार्षद सूरज गहरवाल, योगेश लाल, पूर्णिमा गजानंद रजक, भागी ध्रुव, गणेश्वरी कामडे, गुड्डा दीवान, आशुतोष खरे, नवीन गेंदे, अविनाश, सत्तू साहू, गोविंद साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया



### कुछ साल पूर्व हुई मौतों का भी उठा मुद्दा

प्रदर्शन के दौरान वार्डवासियों ने पिछले वर्ष गंदे पानी की वजह से हुई दो मौत का मुद्दा भी उठाया। लोगों का कहना था कि इसके बावजूद निगम प्रशासन ने कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला। वार्डवासियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या दूर नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा। महिलाओं ने कहा कि घरों में खाना बनाने से लेकर पीने तक के लिए साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लोग मजबूरी में बाजार से पानी खरीदने को विवश हैं।

### दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और टैंकर की मांग

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि बिना टेस्टिंग दूषित पानी सप्लाई करने वाले अधिकारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। साथ ही पूरी पाइप लाइन को फ्लश कर साफ पानी की व्यवस्था की जाए। वार्ड के प्रमुख स्थानों पर तत्काल पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की भी मांग उठाई गई।

### पानी की समस्या पर निगम ने दी सफाई

डाकबंगला वार्ड में मटमैले और दूषित पानी की शिकायतों के बीच नगर



निगम के जल सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा है कि वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से लगातार शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। पानी की नियमित टेस्टिंग के बाद ही उसे पाइपलाइन के जरिए घरों तक पहुंचाया जाता है। डाकबंगला वार्ड में नए इंटरकनेक्शन पाइप लगाए गए हैं। पाइपलाइन बदलने और नए कनेक्शन कार्य के कारण शुरुआती दौर में पानी मटमैला दिखाई दे रहा है। यह तकनीकी प्रक्रिया का हिस्सा है और कुछ समय बाद पानी पूरी तरह साफ हो जाएगा। शिकायत की जानकारी मिलते ही निगम द्वारा रिपेयरिंग और सुधार कार्य शुरू कर दिया गया था। नई पाइपलाइन जोड़कर बेहतर जल सप्लाई करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्य तेजी से जारी है। इसके बाद वार्डवासियों को साफ, स्वच्छ और शुद्ध पेयजल नियमित रूप से मिलने लगेगा।

# निगम प्रशासन पर राजीव कॉम्प्लेक्स की अनदेखी करने का आरोप



- शहर कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

बस स्टैंड स्थित राजीव कॉम्प्लेक्स का कांग्रेस नेताओं ने निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम प्रशासन पर राजीव कॉम्प्लेक्स की अनदेखी करने का सीधा आरोप लगाया है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय व्यापारी अनेकों बार राजीव कॉम्प्लेक्स की मरम्मत के लिए निगम प्रशासन एवं महापौर से गुहार लगा चुके हैं लेकिन इस ओर निगम प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। महापौर को व्यापारियों की परेशानियों से कोई लेना देना है। आगे कहा कि भाजपा की इस ट्रिपल इंजन सरकार में धमतरीवासियों को विकास के नाम पर झूठा जुमला के अलावा और कुछ भी नहीं मिल रहा है। छोटी-छोटी मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता तरस रही है। निगम की अनदेखी से राजीव कॉम्प्लेक्स की स्थिति बदहाल हो चुकी है लेकिन निगम सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हैं।

समय रहते इन जर्जर ढांचों की मरम्मत करने कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी बड़े हादसे हो सकते हैं। निरीक्षण के दौरान मजदूर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष कन्हैया सोनी, मजदूर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अविनाश मारोठे, मंडल अध्यक्ष अम्बर चंद्राकर, ब्लॉक उपाध्यक्ष आशुतोष खरे, नवीन गजेंद्र, पार्षद प्रतिनिधि भागी ध्रुव, मोहन ध्रुव उपस्थित थे।

# राजस्थान की भयावह घटना के विरोध में एसयूसीआई ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

राजस्थान में सामूहिक बलात्कार और पीड़िताओं द्वारा की गई आत्महत्या की भयावह घटना के विरोध में और अपराधियों की गिरफ्तारी व कार्रवाई में कोताही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को बर्खास्त करने की मांग को लेकर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने गांधी मैदान के सामने प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार कुसुम प्रधान को ज्ञापन सौंपा गया। पार्टी के जिला समिति के सदस्य डारेंद्र साहू ने बताया कि राजस्थान में दो बहनों के साथ हुए सामूहिक बलात्कार और उसके बाद उनकी आत्महत्या की दिल दहलाने वाली भयावह घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

इसी दौरान दिल्ली में निर्भया बलात्कार और हत्या की भयावह घटना फिर से दोहरायी गई। हरियाणा सहित अन्य राज्य भी इन घटनाओं से अछूते नहीं हैं। छत्तीसगढ़ में भी महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं है। सदस्य मधु साहू ने कहा कि आज सड़कों पर आंदोलन करने का वक्त आ गया है।

# युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**धमतरी।** युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा एक दिवसीय दौरे पर धमतरी पहुंचे। उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। यह दौरा कुरूद से लेकर नगरी-बेलर क्षेत्र तक निर्धारित है। इसी क्रम में वे राजीव भवन धमतरी पहुंचे, जहां विभिन्न पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। राजीव भवन पहुंचने पर पूर्व विधायक लेखराम साहू ने प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। इससे पहले घड़ी चौक में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने भी उनका स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में नरेन्द्र सोनवानी, राजा देवांगन, मोनू साहू, हितेश गंगवीर, सूरज गहरवाल, यश राजपूत, पुष्पेन्द्र साहू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, शास्त्री सोनवानी, वातांजलि गोस्वामी, राजू साहू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के दौरे को संगठन को मजबूत करने वाला बताया और कहा कि उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।

# पीपरछेड़ी के सुशासन तिहार में पेयजल समस्या के समाधान की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

- ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं

ग्राम पीपरछेड़ी में शासन की योजनाओं और जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर सुशासन तिहार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा जनचौपाल और स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने पेयजल समस्या को प्रमुख मुद्दे के रूप में उठाया। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल और सभापति अग्रवाल साहू ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी श्री कनाड़े से मुलाकात कर विभिन्न गांवों में बोर खनन और पंप स्थापना की मांग को लेकर आवेदन सौंपा।

श्री मीनपाल ने ग्राम मुजगहन के वार्ड क्रमांक 01 आबादी पारा में बोर खनन एवं पंप व्यवस्था की मांग की। ग्राम रत्नाबांधा के शासकीय माध्यमिक शाला में छात्र-



छात्राओं के लिए बोर खनन कर हैंडपंप स्थापित करने की आवश्यकता बताई।

अग्रवाल साहू ने ग्राम खपरी और अर्जुनी में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए बोर खनन एवं पंप व्यवस्था की मांग रखी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में पानी की समस्या लगातार बढ़ रही है।

जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन और पीएचई विभाग से मांग की कि ग्रामीणों और स्कूली बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत आवेदनों पर जल्द कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

विपरीत परिस्थितियों के बीच 12वीं कॉमर्स में 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किया

# संघर्षों को मात देकर दामिनी ने रचा सफलता का इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी



लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, परिश्रम करने वालों की कभी हार नहीं होती इस पंक्ति को चरितार्थ करते हुए ब्राह्मण पारा वार्ड की छात्रा दामिनी नामदेव ने अपने कठिन संघर्ष और मेहनत के दम पर ऐसा मुकाम हासिल किया है, जो आज पूरे शहर के लिए प्रेरणा बन गया है।

दामिनी ने हाल ही में घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में कॉमर्स संकाय से 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शिवसिंह वर्मा गर्ल्स स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं जिले में आठवां स्थान प्राप्त कर परिवार, समाज और धमतरी शहर का नाम गौरवान्वित किया है।दामिनी का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। घर की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने के बावजूद उसने कभी हार नहीं मानी। परिवार में वह सबसे बड़ी बेटी है। उसके पिता शारीरिक एवं आर्थिक रूप से परिवार का सहयोग करने में सक्षम नहीं हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। परिवार का पालन-पोषण दादा स्व. मधु नामदेव की पेंशन के सहारे चलता था, लेकिन कुछ समय पहले उनके निधन के बाद परिस्थितियां और अधिक कठिन हो गईं। दादी पैरालिसिस से पीड़ित हैं। ऐसे विषम हालातों में भी दामिनी ने अपनी पढ़ाई जारी रखकर यह साबित कर दिया कि सफलता संसाधनों की नहीं, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत की मोहताज होती है। वार्ड पार्षद कोमल सार्वा ने बताया कि दामिनी ने अपने दिवंगत दादा के सपनों को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। उसकी सफलता पर पूर्व पार्षद संतोष तिवारी तथा ब्राह्मण पारा विकास समिति के सदस्य कमलेश तिवारी, मुकेश पवार, योगेश वर्मा, अतुल तिवारी और अमित साहू ने उसके घर पहुंचकर श्रीफल एवं प्रोत्साहन राशि भेंट कर सम्मानित किया। भविष्य में शिक्षा से संबंधित हर संभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। दामिनी के माता-पिता ने वार्डवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दामिनी केवल हमारी बेटी नहीं, बल्कि पूरे वार्ड की बेटी है। आप सभी का स्नेह और सहयोग आगे भी मिलता रहे, यही हमारी अपेक्षा है।







